महाविद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम

निवाली। नगर के शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वामी विवेकानंद जयंती एवं युवा दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों, आदर्शों और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका से परिचित कराना तथा युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और सेवा भावना का विकास करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्राचार्य डॉ के तावड़े ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को स्मरण करते हुए उनके जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। मंच संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ चांदनी गोले ने किया। इस दौरान रन फॉर स्वदेशी अभियान के अंतर्गत एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वदेशी केवल एक आर्थिक विचार नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है। इस दौरान प्रो अनारसिंह किराड़े, डॉ बीएस चौहान, प्रो मनीष किराड़, प्रो नवलसिंह बरडे, प्रो राकेश जाधव, ग्रंथपाल विजय चौधरी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रो नीलम डावर ने व्यक्त किया।

वक्ताओं ने कहा स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपनाएं

स्वामी विवेकानंद जयंती पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

सेंधवा/ पानसेमल, (नवभारत)। स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को हुआ था। वे युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं। उनके विचारों से युवाओं को अवगत कराने के लिए हर साल 12 जनवरी को युवा दिवस मनाया जाता है। उक्त विचार संस्था अध्यक्ष रविन्द्र सिंह मंडलोई ने स्वामी विवेकानंद शिक्षा महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों से कहे।

उपाध्यक्ष शैलेश जोशी ने बताया कि स्वामी विवेकानंद की प्रमुख शिक्षाओं में आत्म-विश्वास और निडरता, चरित्र निर्माण, मानवता की सेवाए और समग्र शिक्षा (शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक विकास) शामिल हैं, जो व्यक्ति के आंतरिक सामर्थ्य को जगाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने पर केंद्रित हैं, जैसे उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्त होने तक रुको मत।

सचिव अशोक कुमार सकलेचा ने विवेकानंद के जीवन पर विचार व्यक्त किए। स्वागत धनराज पाटिल ने एवं संचालन मीना सोनी ने किया। प्रश्न मंच का संचालन शालिनी गुप्ता और नेहा कुमरावत ने किया एवं पूर्व अध्यक्ष बीएल जैन ने कार्यक्रम की सफलता के लिए दूरभाष पर संदेश दिया।

राष्ट्रीय युवा दिवस पर महाविद्यालय में हुआ कार्यक्रमों का आयोजन

पानसेमल। श्री अटल बिहारी वाजपेई शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस पर रेड क्रॉस कार्यक्रम अंतर्गत तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा भाषण प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, खेल गतिविधियां आयोजित की गई। कार्यक्रमों की शुरुआत सर्वप्रथम विद्या की देवी माँ सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण, सरस्वती वंदना तथा

राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत से की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो संगीता भंडारी ने की।

डॉ मंजुला चौहान ने राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों को सहभागिता के लिए प्रेरित किया। डॉ सुनील बागले ने कहा कि आज का युवा ही कल का भविष्य है। इसलिए युवाओं को सदैव देश एवं समाज के हित में कार्य करना चाहिए।

भाषण प्रतियोगिता में रिक्षिता भंडारी, गुरुचरण भंडारी, अर्जुन सोलंकी, योगिता माली, राजू जाधव, मनीषा डूडवे, रविन आर्य, भारत पटेल, अनिल मेहता, पुनम चौहान सहित 21 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। संचालन स्वयंसेवक अर्जुन सोलंकी ने किया तथा आभार कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ सुभाष मंडलोई ने किया।

आयोजित हुई प्रतियोगिताएं

- इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुई।
- युवाओं को सदैव देश एवं समाज के हित कार्य करना चाहिए।

गरीब छात्रों को किया गरम कपड़ों का वितरण

निवाली। शिव पब्लिक स्कूल चाटली में गरीब छात्रों को गरम कपड़ों का वितरण किया गया। इस कार्य को सम्पन्न करने में डॉ सुमित्रा वास्केल, काली मुजाल्दे, कौशल्या सिसोदिया, डॉ शेवंती आर्य, शकुंतला डुडवे एवं निवाली आश्रम की भूतपूर्व छात्राओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर संकुल केंद्र चाटली के जनशिक्षक कुलदीप कन्हैयालाल पाटीदार, सहयोगी शिक्षक और स्कूल परिवार सहित बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे। स्कूल संचालन समिति की प्रधान सुशीला ब्रह्मने द्वारा सभी का धन्यवाद किया गया।

डॉ. राशिद आयुष रत्न अवार्ड से सम्मानित

पूर्व में भी आयुष लीजेंड अवार्ड प्राप्त कर जिले का नाम किया रोशन

बड़वानी, (नवभारत)। पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में हुए 3 दिवसीय ग्लोबल आयुष समिट 2026 में बड़वानी के होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ राशिद रफीक शेख को होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति में विशेष योगदान देने के लिए आयुष रत्न अवार्ड 2026 से सम्मानित किया। उन्हें यह पुरस्कार डॉ एके द्विवेदी इंदौर, डॉ कमलेन्द्र त्यागी राजस्थान एवं डॉ विकास सिंघल पंजाब ने दिया।

दादा को समर्पित किया अवार्ड

समिट में देश और विदेश से आए लगभग 50 चिकित्सकों को आयुष की अलग-अलग विधाओं में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रयागराज की संस्था द्वारा नामांकन के आधार पर चयनित कर भिन्न-भिन्न वर्ग में अवार्ड दिए गए। डॉ राशिद ने यह अवार्ड अपने दादा डॉ अल्लाहबेली शेख को समर्पित करते हुए अवार्ड का श्रेय माता पिता, शिक्षकों एवं सम्पूर्ण परिवार को दिया।

डॉ राशिद को दी शुभकामनाएं

पूर्व में भी डॉ राशिद ने आयुष लीजेंड अवार्ड प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया था। डॉ राशिद की होम्योपैथी के प्रति सच्ची निष्ठा व मरीजों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने पर परिवार, मित्रों व शहरवासियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

बड़वानी ने बुरहानपुर को 142 रनों से हराया मैच

बड़वानी, (नवभारत)। आईडीसीए के तत्वावधान में अंतर जिला सीनियर क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सोमवार को बुरहानपुर और बड़वानी जिले की टीमों के बीच मैच खेला गया। बड़वानी पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 8 विकेट खोकर 282 रन बनाए।

वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी बुरहानपुर टीम ने 29 ओवर में 139 रनों पर आल आउट हो गई। बड़वानी ने 142 रनों से जीत हासिल कर सेमीफायनल में अपनी जगह बनाई। बड़वानी जिला क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष कैलाश गोईवाला, उपाध्यक्ष सत्यनारायण गुप्ता, सचिव श्याम एकडी, सह सचिव चंद्रशेखर मराठे, कालीचरन तिवारी, शिव पटेल, आकाश भाभोर, इंदास आर्य द्वारा विजेता टीम को बधाई दी गई। दो दिवसीय सेमीफायनल मैच इंदौर में खंडवा से खेला जाएगा।

चाइनीज मांजे के विरुद्ध सख्त कार्रवाई

नवभारत न्यूज़
बड़वानी, 13 जनवरी.

जिले की अंजड़ पुलिस द्वारा चाइनीज मांजे के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को पकड़ा गया है। पुलिस ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर एवं एसडीओपी दिनेशसिंह चौहान के मार्गदर्शन में अंजड़ पुलिस ने अवैध चाइनीज मांजा विक्रय के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की। इस दौरान आरोपी नासीर मोहम्मद पिता इलाहीबक्श जाति पिंजारा उम्र 56 वर्ष निवासी हनुमान मोहल्ला, अंजड़ को पकड़ा गया। वहीं उसके कब्जे से चाइनीज डोर (मांजा) 8 नग गिरनी अनुमानित कीमत 410 जब्त की गई।

थाना प्रभारी निरीक्षक रेवाराम चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा हनुमान मोहल्ला अंजड़ में कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को उसकी दुकान से अवैध रूप से चाइनीज डोर (मांजा) बेचते हुए पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 8 नग चाइनीज डोर (मांजा) कीमत 410 रूपए जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रं. 12/2026 धारा 223 भारतीय न्याय संहिता 2023 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

इनकी रही भूमिका

उक्त कार्रवाई में अंजड़ थाना प्रभारी निरीक्षक रेवाराम चौहान, उप निरीक्षक महावीर चंदेल, सहायक उप निरीक्षक जयपाल मंडलोई, प्रधान आरक्षक अजय यादव एवं आरक्षक सुनील बर्डे भूमिका रही।

एक नजर में

एक माह में 374 करोड़ यूनिट से ज्यादा बिजली आपूर्ति

इंदौर . मालवा निमाड़ में दिसंबर माह में 374 करोड़ यूनिट से ज्यादा की आपूर्ति हुई है, यह पिछले वर्ष समान अवधि से करीब साढ़े पांच फीसदी ज्यादा है . माह में शहरी क्षेत्रों में सबसे ज्यादा आपूर्ति 13 दिसंबर को हुई, इस दिन 24 घंटे के दौरान इंदौर शहर में 93 लाख यूनिट बिजली की आपूर्ति हुई . दिसंबर माह के दौरान कंपनी क्षेत्र की अधिकतम बिजली मांग 7600 मैगावाट से अधिक दर्ज हुई थी . इधर, कृषि क्षेत्र में व्यापक बिजली मांग की स्थिति होने से दिसंबर के अधिकांश दिनों में कुल बिजली मांग सात हजार मैगावाट के पार रही . मालवा-निमाड़ में दैनिक 12 करोड़ यूनिट बिजली वितरण दिसंबर में होता रहा . माह के दौरान दैनिक बिजली खपत सवा 12 करोड़ यूनिट तक दर्ज हुई . दिसंबर माह में रतलाम जिले की अधिकतम बिजली खपत 81 लाख यूनिट दैनिक व उज्जैन जिले की 1 .35 करोड़ यूनिट रही . नगरीय क्षेत्र में इंदौर, उज्जैन के बाद सबसे ज्यादा बिजली खपत रतलाम शहर में रही .

महू में सर्व ब्राह्मण समाज परिचय सम्मेलन

महू . सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा यहां रविवार को आयोजित युवक-युवती परिचय सम्मेलन में 6 हजार से अधिक ब्राह्मण बंधुओं ने सहभागिता की . आयोजन के दौरान 10 रिश्ते तय हुए, जिसमें 3 तलाकशुदा रिश्ते भी तय हुए तथा 16 रिश्तों की आगे की बातचीत की सहमति बनी . आयोजन समिति के अध्यक्ष पं . कपिल शर्मा एवं सचिव पं . विवेक शर्मा ने बताया कि महू में तीसरी बार सर्व ब्राह्मण युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया . सर्व ब्राह्मण समाज महू के अध्यक्ष पं दिनेश शर्मा के नेतृत्व में वृहद स्तर पर आयोजित यह आयोजन पूर्णत : नि :शुल्क था, जिसमें युवक युवतियों के रजिस्ट्रेशन के अलावा आगंतुकों के लिए नाश्ते से लेकर भोजन तक की व्यवस्था नि :शुल्क थी . सम्मेलन में राजस्थान, गुजरात, उप्र, महाराष्ट्र, दिल्ली सहित मप्र के कई जिलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें 750 प्रविष्टियों का पूर्व में रजिस्ट्रेशन होकर परिणय पुस्तिका में प्रकाशित किया गया एवं 250 रजिस्ट्रेशन सम्मेलन स्थल पर भी हुए . आयोजन में रजिस्ट्रेशन काउंटर, परिणय पुस्तिका वितरण केंद्र, चिकित्सा कक्ष, परिवार मिलन कक्ष, नि :शुल्क जलपान कक्ष जैसी व्यवस्था भी की गई थी .

ऋषि वैली इंटरनेशनल स्कूल में खेल समापन समारोह संपन्न

महू . महूगांव स्थित ऋषि वैली इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को खेल समापन समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ . इस अवसर पर जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं के महानिदेशक डॉ . वरुण कपूर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे . अपने संबोधन में डॉ . वरुण कपूर ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए साइबर क्राइम से सुरक्षित रहने के महत्वपूर्ण उपाय बताए . उन्होंने कहा कि अनजान फोन कॉल पर कभी भी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें, स्मार्टफोन का सही एवं जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग करें तथा ऑनलाइन माध्यम से अनजान व्यक्तियों से संपर्क बनाने से बचें . उन्होंने विभिन्न देशों में प्राप्त अपने अनुभवों के माध्यम से विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा का महत्व सरल भाषा में समझाया . कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया .

द्वारकापुरी में युवक ने फांसी लगाकर किया सुसाइड

इंदौर. द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में रविवार को एक युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है. युवक ने अपने ही घर में फांसी लगाकर जान दे दी. घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई. फिलहाल आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं.

थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया कि मृतक की पहचान दीपक पुत्र परसराम जाधव उम्र 29 वर्ष, निवासी द्वारकापुरी के रूप में हुई है. दीपक सांवेर रोड स्थित एक फैक्टरी में काम करता था. परिजनों ने जब उसे घर के भीतर फांसी पर लटका देखा तो तत्काल पुलिस को सूचना दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए

जिला अस्पताल भिजवाया. प्रारंभिक पूछताछ में परिजनों ने किसी तरह के पारिवारिक विवाद या तनाव से इनकार किया है. घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ है. पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और आत्महत्या के कारण जानने के लिए मृतक के मोबाइल कॉल रिकॉर्ड, पारिवारिक और कार्यस्थल से जुड़े पहलुओं की जांच की जा रही है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी.

चेन स्नैचिंग करने वाले दो बदमाशों को पकड़ा

- सीसीटीवी और मुखबिर की सूचना से गिरफ्त में आए आरोपी
- भागने के लिए कूदे बाउंड्रीवॉल, टूटे हाथ-पैर

नव भारत न्यूज

इंदौर. तिलक नगर थाना क्षेत्र में महिला से चेन छीनने की वारदात का पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर खुलासा कर दिया है. कार्रवाई के दौरान गिरफ्तारी से बचने के प्रयास में दोनों बदमाश बाउंड्रीवॉल कूद गए, जिससे एक आरोपी के पैर में चोट आई. जिसका उपचार एमवाय में करवाया.



आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल, छीनी गई सोने की चेन और चोरी के तीन मोबाइल बरामद किए हैं. आरोपियों से ढाई लाख रुपए का चोरी का माल भी बरामद किया है.

पुलिस उपायुक्त जोन 2 कुमार प्रतीक ने बताया कि मंगलवार 13 नवंबर को फरियादिया अंकिता असावा, निवासी शर्मा एन्क्लेव गिरधर नगर ने थाना तिलक नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी. शिकायत में बताया गया था कि शाम करीब पांच बजे वह घर के बाहर टहल रही थी, तभी दो अज्ञात बदमाश उसके गले से सोने की चेन छीनकर भाग गए. घटना के बाद पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और लगातार संदिग्धों की तलाश की.

इसी बीच मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर स्कीम नंबर 140 क्षेत्र में दोनों आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा. गिरफ्तारी के दौरान दोनों ने भागने की कोशिश की और बाउंड्रीवॉल कूद गए, जिससे एक आरोपी घायल हो गया. पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों के खिलाफ पहले से भी लूट, चोरी और मारपीट के मामले दर्ज हैं. गिरफ्तार किए गए आरोपियों में ऋषभ सोनकर, उम्र 19 वर्ष, निवासी विनोबा नगर तथा रोहित वर्मा, उम्र 20 वर्ष, निवासी रविंद्र नगर शामिल हैं. पुलिस दोनों से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है.

चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड पर डाक्यूमेंट्री सीरिज का ट्रेलर आया सामने

- 24 घंटे में 85 लाख से ज्यादा बार देखा गया
- 'हनीमून से हत्या' नाम से बनी सीरिज का इंतजार

नव भारत न्यूज

इंदौर. देश को झकझोर देने वाले इंदौर के बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड पर आधारित डाक्यूमेंट्री सीरिज 'हनीमून से हत्या' का ट्रेलर रिलीज होते ही लोगों में इसे लेकर जबरदस्त उत्सुकता देखने को मिल रही है. ट्रेलर को महज एक दिन में 85 लाख से अधिक दर्शकों ने देख लिया, जिससे इसकी लोकप्रियता का अंदाजा लगाया जा रहा है.

यह डाक्यूमेंट्री सीरिज चर्चित

राजा रघुवंशी हत्याकांड पर केंद्रित है, जिसमें मेघालय यात्रा के दौरान नवविवाहित युवक की साजिशन हत्या की पूरी कहानी को परत-दर-परत सामने लाने का दावा किया है. ट्रेलर रिलीज होने के बाद सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इसे लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं. मामले में विपिन रघुवंशी का कहना है कि यह सीरिज मृतक के परिजनों की सहमति के बाद तैयार की जा रही है. ट्रेलर देखने के बाद परिजन भावुक नजर आए और उन्होंने उम्मीद जताई कि इस प्रयास से सच्चाई समाज के सामने आएगी.

सीरीज में राजा रघुवंशी के साथ चार अन्य चर्चित हत्याकांड भी

बताया गया है कि एक फिल्म निर्देशक द्वारा इस मामले पर फिल्म बनाने को लेकर भी चर्चा हुई थी, लेकिन प्रकरण न्यायालय में लंबित होने के चलते फिलहाल फिल्म प्रोजेक्ट को आगे नहीं बढ़ाया . ट्रेलर में शादी के शुरुआती पलों से लेकर हनीमून यात्रा तक की झलक दिखाई गई है, इसके बाद किस तरह सुनियोजित तरीके से हत्या की साजिश रची गई और उसे अंजाम दिया गया, इसका संकेत भी दिया है . डाक्यूमेंट्री सीरिज में इस केस के साथ-साथ देश के चार अन्य चर्चित हत्याकांड को भी शामिल किया गया है . हनीमून से हत्या का ट्रेलर ओटीटी प्लेटफॉर्म जी-5 पर रिलीज किया है . ट्रेलर को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद अब दर्शक पूरी सीरिज के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं .

गुंडा टैक्स न देने पर युवक पर जानलेवा हमला

इंदौर. जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में सरेराह गुंडा टैक्स मांगने और न देने पर जानलेवा हमला करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है. दो बदमाशों ने एक युवक को रोककर शराब-मुर्गे के लिए पैसों की मांग की और इनकार करने पर चाकू से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया. पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है.

घटना वीर सावरकर नगर निवासी गोपाल पिता मुकेश चौहान के साथ हुई. फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह अपने काम से जा रहा था, तभी हरिजन कॉलोनी के पास उसे इलाके के दो बदमाश राजेश घावरी उर्फ छू और धनराज उर्फ धन्नू दौड़िया मिले. बदमाशों ने बिना किसी बात के फरियादी को रोका और गालियां देना शुरू कर दिया. आरोपी राजेश उर्फ छू ने उसकी गर्दन और बाल पकड़ लिए, जबकि धनराज उर्फ धन्नू ने चाकू निकालकर उसे धमकाया. बदमाशों ने फरियादी से कहा कि अगर तुझे इस इलाके में रहना है, तो हमें हर महीने 10 हजार रुपये गुंडा टैक्स देना होगा. इसके साथ ही उन्होंने तुरंत दारू-मुर्गा पार्टी के लिए 2 हजार रुपये की मांग की. जब फरियादी ने पैसे देने से साफ मना कर दिया, तो बदमाश हिंसक हो गए. आरोपी राजेश उर्फ छू ने अपने हाथ में पहना भारी कड़ा फरियादी के सिर पर दे मारा, जिससे वह लड़खड़ा गया. इसके बाद दोनों आरोपियों ने अपने पास रखे चाकू निकाले और फरियादी के दोनों पैरों की जांघों पर वार कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया. वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए.

एक नजर में सबसे स्वच्छ शहर के दावों के बावजूद, शहर के कई वार्डों की जमीनी हकीकत अलग

कृष्ण बाग कॉलोनी में लोगों के घरों में नलों से पहुंच रहा दूषित पानी

इंदौर. सबसे स्वच्छ शहर के दावों के बावजूद, शहर के कई वार्डों की जमीनी हकीकत अलग है, जहां बैक लाइन और घरों के बीच की सेंटर गलियों में भारी गंदगी का ढेर, उफनते चेंबर और चोक सीवरेज लाइनों के कारण लोगों के घरों में दूषित पानी पहुंच रहा है, जिससे भागीरथपुरा जैसी स्वास्थ्य आपदा का खतरा है और यह स्थिति स्वच्छ सर्वेक्षण में नंबर वन

आने वाले शहर के लिए चिंताजनक है. सफाई को लेकर वार्ड क्रमांक 30 में भी बड़ी लापरवाही देखने को मिली है, बर्फानी धाम रोड क्षेत्र में पडने् वाले इस वार्ड की कृष्णबाग कॉलोनी में पहुंचते ही दुर्गंध आने लगती है, जो घरों की बैक लाईन में लगे कचरे के ढेरों से आ रही थी. बैक लाईन में इतनी गंदगी भरी हुई थी कि उसका गंदा पानी भी सडक़ों पर बहता दिखाई दिया. चेंबर की हालत भी बेहद दयनीय थी. यहां के चेंबर पूरी तरह चोक होकर ओवरफ्लो हो रहे थे.

यह बोले रहवासी...

बैक लाईन तो छोड़िए सफाईकर्मी सिर्फ गली के मुहाने की ही सफाई कर इतिश्री कर लेते हैं . गंदगी के कारण चौबीसों घंटे बदबू आती है, जिनके घर गली से लगे हुए हैं, उन्हें तो दरवाजा बंद करके रहना पड़ता है .

- सोनू मालवीय

सफाईकर्मी कभी-कभार बैक लाईन की सफाई करते हैं, लेकिन वे वहां से निकली गंदगी बाहर पटककर चलते जाते हैं . जिसे कई दिनों तक उठाया ही नहीं जाता . इससे पनपने वाले मच्छर, मक्खी खाने-पीने की चीजों पर आकर बैठते हैं ऐसे में बीमारियां फैलती हैं .

- शोभा चौकसे

आज भी क्षेत्र में खुली नालियां मौजूद हैं, सफाई बराबर नहीं होती . हर जगह कचरा पड़ा रहता है . क्षेत्र के लोग कई तरह की बीमारियों की चपेट में हैं, इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा . कुल मिलाकर क्षेत्र में कभी भी विस्फोटक स्थिति बन सकती है .

- कृष्णा यादव